
AUTOMOTIVE

# Our Code (हमारी संहिता)

हमारे मूल्य इस बात को परिभाषित करते हैं कि हम सामूहिक रूप से एक कारोबार के रूप में तथा व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों के रूप में, कौन हैं

# विषय-सामग्री



## परिचय


| | |
|---|---|
| Our Code (हमारी संहिता) का परिचय | 5 |
| आवाज़ उठाना | 6 |

## 01
**हम एक दूसरे का तथा अपने कारोबार का सम्मान तथा सुरक्षा करें**

| | |
|---|---|
| स्वास्थ्य और सुरक्षा | 8 |
| एक दूसरे का सम्मान करना | 8 |
| विविधता और समावेशन | 9 |
| खातें तथा अभिलेख | 10 |
| व्यावसायिक संसाधन | 10 |
| सुरक्षा | 11 |

## 02
**हम कानूनी तथा नैतिकतापूर्ण ढंग से आचरण करें**

| | |
|---|---|
| हमारे कानूनी दायित्व | 14 |
| रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार | 14 |
| निष्पक्षतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करना | 15 |
| व्यावसायिक अनुपालन | 15 |
| व्यक्तिगत डेटा एवं निजता | 16 |
| नीतिपरक आचरण | 17 |
| हित के टकराव | 18 |

## 03
**हम अपने समुदायों तथा हमारी दुनिया की देखभाल करें**

| | |
|---|---|
| अपने पर्यावरण की सुरक्षा करना | 21 |
| उत्पाद की सुरक्षा तथा गुणवत्ता | 21 |
| समुदायों की सहायता करना | 22 |
| मानवाधिकार तथा आधुनिक गुलामी | 23 |
| ग्राहक तथा आपूर्तिकर्ता संबंध | 24 |
| संप्रेषण | 24 |

# Our Code (हमारी संहिता) में स्वागत है



प्रिय साथी,

GKN Automotive कर्मचारी के रूप में, आप दुनिया भर के लोगों की उस टीम के अंग हैं, जो हमारे कारोबार को बेहतर, अधिक मजबूत तथा अधिक संपोषणीय बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

सफल होने के लिए, हमें एक ही लक्ष्य के साथ-साथ समान मूल्यों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। GKN Automotive में, हम **निपुण, सहयोगात्मक, सैद्धांतिक तथा प्रेरित हैं।** ये मूल्य इस बात को परिभाषित करते हैं कि हम सामूहिक रूप से एक कारोबार के रूप में तथा व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों के रूप में, कौन हैं

सैद्धान्तिक होने का अर्थ है सही काम करना, चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों।

मैं चाहता हूँ कि हम अपना कारोबार बढ़ाएं तथा अपने निवेशकों के लाभ में वृद्धि करें, लेकिन किसी भी कीमत पर नहीं। कुछ चीजें ज्यादा जरूरी होती हैं। इसमें एक-दूसरे तथा अपने कारोबार का सम्मान एवं सुरक्षा करना, कानूनी एवं नैतिकतापूर्ण आचरण करना एवं हमारे समुदायों तथा हमारी दुनिया की देखभाल करना शामिल है। ये चीजें अपरक्राम्य हैं तथा पता चलना चाहिए कि हम हर दिन कैसी क्रिया करते/ती हैं।

कृपया Our Code (हमारी संहिता) को ध्यान से पढ़ें। मुझे उम्मीद है कि आप इसे समझेंगे/गी तथा इसका पालन करेंगे/गी। अपने सभी कार्यों में ईमानदार, निष्पक्ष तथा भरोसेमंद रहें तथा यदि आपको कभी भी संदेह कोई हो, तो सहायता लें। आपके सहकर्मी तथा लीडर हैं जो आपका मार्गदर्शन एवं सहायता करेंगे।

GKN Automotive टीम का हिस्सा बनना एक विशेषाधिकार है, लेकिन इसके साथ ज़िम्मेदारियां भी आती हैं। मेरी तरह, आप GKN Automotive के प्रतिनिधि हैं। आप स्वयं के कार्यों के लिए उत्तरदायी हैं, लेकिन साथ ही एक ऐसी संस्कृति तैयार करने में सहायता करने के लिए भी जिम्मेदार हैं जिसमें Our Code (हमारी संहिता) से असंगत कोई भी आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाता हो। इसलिए यदि आपको किसी ऐसे आचरण का पता चले जो गलत हो अथवा इस संहिता से असंगत हो, तो कृपया **आवाज उठाएं** ताकि हम इससे निपट सकें।

मुझे पता है कि मैं आप पर भरोसा कर सकता हूँ कि आप Our Code (हमारी संहिता) का पालन करेंगे/गी, सैद्धांतिक रहेंगे तथा हमेशा सही काम करेंगे/गी।

धन्यवाद।

**Liam Butterworth**
Chief Executive Officer

# Our Code (हमारी संहिता) का परिचय

# Our Code (हमारी संहिता) का परिचय

GKN Automotive में, हमारे मूल्यों में से एक मूल्य को सैद्धांतिक होना है। बेशक, जितना हम यहां शामिल कर सकते हैं उसकी तुलना में सैद्धान्तिक होने में और भी बहुत कुछ आता है, लेकिन Our Code (हमारी संहिता) इस बात पर ध्यान केंद्रित करती है कि हम कैसे:

- एक दूसरे का तथा अपने कारोबार का सम्मान तथा सुरक्षा करें
- कानूनी तथा नैतिकतापूर्ण ढंग से आचरण करें
- हमारे समुदायों तथा हमारी दुनिया की देखभाल करें

Our Code (हमारी संहिता) महत्वपूर्ण है। आप कैसा आचरण करें, आप अपना काम कैसे करें तथा आप GKN Automotive के दूसरे कर्मचारियों एवं हितधारकों से कैसे बातचीत करें, के सम्बंध में आपको इससे मार्गदर्शन लेना चाहिए। यह बिना किसी अपवाद के, GKN Automotive के सभी कर्मचारियों तथा कामगारों पर लागू होता है, चाहे उनका काम कुछ भी हो तथा वे कहीं भी स्थित हों। यह उन न्यूनतम मानकों को निर्धारित करता है जिनकी हम सभी से अपेक्षा करते हैं।

Our Code (हमारी संहिता) में उन बातों की व्याख्या की गई है जो आपको जरूर करनी चाहिए तथा जो बिल्कुल भी नहीं करनी चाहिए। लेकिन यह सबसे जरूरी मुद्दों का मात्र एक संक्षिप्त विवरण है। इसमें हर विषय, स्थिति अथवा जरूरत को विस्तार से कवर नहीं किया जा सकता। जहां संगत हो यह आपको हमारी उन अधिक विस्तृत नीतियों एवं प्रक्रियाओं की ओर निर्देशित करता है जिनमें अधिक सूचनाएं होती हैं।

यदि आप Our Code (हमारी संहिता) के किसी भी भाग अथवा GKN Automotive कर्मचारी के रूप में आपसे अपेक्षित मानकों को नहीं समझ पाते/ती हैं, तो अपने प्रबंधक, अथवा HR या कानूनी कार्यों के किसी सदस्य से पूछें।



# आवाज़ उठाना

हम सही काम करने की कितनी भी कोशिश करें, कभी-कभी चीजें गलत हो जाती हैं। जब ऐसा हो, तो यह जरूरी है कि कर्मचारी इसे हमारे ध्यान में लाएं ताकि हम इससे निपट सकें तथा इसे फिर से होने से रोक सकें। इस लिए हम आवाज़ उठाने की संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं, जिसमें हम कहते हैं कि आप सरोकार के सारे मुद्दों को हमारे ध्यान में लाएं।

आपको हमेशा ऐसे किसी भी कार्य अथवा आचरण के बारे में प्रश्न पूछने या चिंता व्यक्त करने में सक्षम महसूस करना चाहिए जो Our Code (हमारी संहिता) से असंगत हैं या हो सकते हैं। सरोकारों को सुना जाएगा, जाँच की जाएगी तथा उनसे समुचित रूप से तथा संवेदनशील रूप से निपटा जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए कृपया उत्कृष्टता प्रणाली (Excellence System) पर उपलब्ध हमारी Whistleblowing and Employee Disclosure Policy (ध्यानाकर्षण एवं कर्मचारी प्रकटीकरण नीति) देखें। हम वास्तविक सरोकार उठाने वाले कर्मचारियों को हमेशा सहयोग देंगे, भले बाद में पता चले कि वह ग़लतफ़हमी थी।

अगर आपका कोई प्रश्न या चिंता हो, तो संपर्क का पहला बिंदु आपका लाइन प्रबंधक या, अगर उपयुक्त हो, तो आपके स्थान का अन्य प्रबंधक या विशेषज्ञ होना चाहिए।

यदि किसी भी कारण से आप महसूस करते हों कि आप मामले को आंतरिक रूप से नहीं उठा सकते, तो सरोकार संबंधी मुद्दों की रिपोर्ट करने के लिए एक कर्मचारी प्रकटीकरण हॉटलाइन तथा पोर्टल उपलब्ध है। यह दिन के 24 घंटे, हफ़्ते में सात दिन खुली रहता है, और इसे बाहरी, स्वतंत्र कंपनी द्वारा होस्ट किया गया है। आपके कार्यस्थल पर टेलीफ़ोन नंबर व्यापक रूप से प्रचारित किए जाते हैं तथा वे www.gknautomotive.com/peakingup पर उपलब्ध हैं।



# 01

# हम एक दूसरे का तथा अपने कारोबार का सम्मान तथा सुरक्षा करें

# स्वास्थ्य और सुरक्षा

हमारे कर्मचारियों का स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा हमारी नंबर एक प्राथमिकता है। हम अपने लोगों के लिए एक सुरक्षित कार्यात्मक वातावरण प्रदान करने तथा उनके मानसिक स्वास्थ्य में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आप इसके एक जरूरी अंग हैं। हमारी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रणाली ThinkSAFE! प्रत्येक GKN Automotive सुविधाकेंद्र तथा कार्यालय का एक अंतर्निहित हिस्सा है, तथा यह प्रत्येक कर्मचारी के सोचने एवं आचरण के तरीके में अंतर्निहित होना चाहिए।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- ThinkSAFE! की सभी अपेक्षाओं तथा लागू दूसरी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीतियों का पालन करें
- अपनी भूमिका की सुरक्षा अपेक्षाओं को समझें, तथा यदि जरूरी हो तो किसी HSE विशेषज्ञ से सहायता लें
- यह पहचानें कि आप जिस तरीके से कार्यस्थल पर आचरण करते/ती हैं, उसका आपकी तथा आपके सहकर्मियों की सुरक्षा में योगदान होता है
- अपने स्थान पर सभी सुरक्षा पहलों का सक्रिय रूप से समर्थन करें तथा सुरक्षा सुधारों को पहचानने एवं वितरित करने में सहायता करें
- अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सम्बंधी प्रशिक्षण पूरा करें
- मानक कार्य प्रक्रियाओं का पालन करें
- अल्कोहल या ड्रग्स के प्रभाव में कभी काम न करें
- जब आप कुछ गलत देखें तो आवाज उठाएं

# एक दूसरे का सम्मान करना

हम दूसरे लोगों के साथ सम्मान से पेश आने में विश्वास करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि GKN Automotive काम करने के लिए एक बेहतरीन जगह होगी, जहां किसी को धमकाया, परेशान अथवा अपमानित नहीं किया जाता।

वरिष्ठता अथवा भूमिका की परवाह किए बिना, हम अपने संगठन के सभी स्तरों पर ऐसे आचरण की अपेक्षा करते हैं। हम ठोस तथा स्पष्ट चर्चा को प्रोत्साहित करते हैं, लेकिन इसे कभी भी उस सीमा को नहीं लांघना चाहिए जहां यह अपमानजनक बन जाए।



**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**


- अपने साथी सहकर्मियों तथा दूसरे लोगों से प्रतिष्ठा एवं सम्मान के साथ व्यवहार करें
- किसी दूसरे व्यक्ति को कभी भी न धमकाएं, परेशान न करें अथवा पीड़ा न पहुंचाएं, अथवा उसके साथ धमकी भरे या डराने वाले तरीके से व्यवहार न करें
- कभी भी ऐसे आचरण में शामिल न हों जो यौन उत्पीड़न का कारण बन सके, जिसमें अवांछित शारीरिक संपर्क, भाव, हावभाव अथवा टिप्पणियां शामिल हैं
- ऐसी सामग्री, चुटकुले या टिप्पणियां न करें या साझा न करें, अथवा ऐसी गपशप या अफवाहें न फैलाएं, जो दूसरों को आपत्तिजनक लगे
- सांस्कृतिक मतभेदों के प्रति संवेदनशील रहें, हो सकता है आपका आचरण किसी एक संस्कृति में स्वीकार्य हो लेकिन दूसरी संस्कृति में नहीं
- जब लोग वास्तविक गलतियां करें तो सहिष्णु एवं समझदार बनें

# विविधता, समानता एवं समावेशन

हम एक वैश्विक कारोबार हैं तथा हम सम्मान एवं सहिष्णुता के साझा ढांचे के भीतर अपने कर्मचारियों की विभिन्न संस्कृतियों, रीति-रिवाजों एवं विश्वासों को पहचानने तथा मनाने में विश्वास करते हैं।

हम अंतर को महत्व देते हैं और समझते हैं कि हमारे लोगों, संस्कृतियों, कौशलों एवं क्षमताओं की विविधता हमारे कारोबार की शक्ति है। हम किसी भी रूप में गैरकानूनी अथवा अनैतिक भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करते।

हम कार्य निष्पादन को पुरस्कृत करने में विश्वास करते हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कारोबार के भीतर उन्नति एवं प्रगति के अवसर हमारे कर्मचारियों की प्रतिभा एवं अनुभव को प्रतिबिंबित करें।



**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- लिंग, यौन अभिविन्यास, आयु, विकलांगता, धर्म, जाति अथवा राष्ट्रीय या जातीय मूल, अथवा किसी दूसरे कारण से जो अनैतिक या गैरकानूनी हो, के आधार पर कभी भी भेदभाव न करें।
- यह सुनिश्चित करें कि रोजगार, प्रगति एवं पदोन्नति से संबंधित सभी निर्णय योग्यता तथा गुण-अवगुण पर आधारित हों
- कार्यस्थल पर विविधता एवं समावेशन को बढ़ावा तथा महत्व दें
- यह समझें कि आपके अचेतन पूर्वाग्रह हो सकते हैं तथा उन्हें दूर करने के लिए कदम उठाएं



# खातें तथा अभिलेख

हम अपने कारोबारी अभिलेखों तथा वित्तीय रिपोर्टिंग में सटीकता एवं अखंडता के उच्च मानकों के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारे निवेशक हमारे खातों एवं वित्तीय रिकॉर्ड में विश्वास रखते हैं, तथा सटीक रिकॉर्डकीपिंग एवं रिपोर्टिंग हमारी प्रतिष्ठा एवं विश्वसनीयता को दर्शाती है, तथा यह सुनिश्चित करती है कि हम अपने कानूनी एवं नियामक दायित्वों को पूरा करें।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- हमारी नीतियों के अनुसार सभी व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक लेनदेन को ठीक से एवं सटीक रूप से दर्ज करें
- बजट या बोनस सम्बंधी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए राजस्व, व्यय, प्रोद्भवन अथवा प्रबंधन की रिकॉर्डिंग में हेरफेर न करें
- कभी किसी दस्तावेज़ को गलत साबित न करें अथवा किसी भी संव्यवहार की वास्तविक प्रकृति को विकृत न करें
- यह सुनिश्चित करें कि सभी कर, नियामक एवं दूसरी सार्वजनिक विवरणियां/जमा किए जाने वाले दस्तावेज आपके सर्वोत्तम विश्वास के अनुसार सही एवं सटीक हों तथा देय होने पर जमा किए जाते हों
- हमारे लेखा परीक्षकों तथा संबंधित अधिकारियों से व्यवहार करने में हमेशा स्पष्ट एवं ईमानदार रहें
- हमारी Document Retention Policy (दस्तावेज़ प्रतिधारण नीति) के अनुसार सभी रिकॉर्ड का रख-रखाव करें
- हमारी Anti-Money Laundering and Tax Evasion Policy (धन-शोधन रोधी एवं कर अपवंचन नीति) के लिए अपेक्षित प्रक्रियाओं का पालन करें तथा ऐसे किसी भी आचरण में शामिल न हों जो अनजाने में धन-शोधन या कर चोरी की सुविधा प्रदान कर सके
- जब आप कुछ गलत देखें तो आवाज उठाएं

# व्यावसायिक संसाधन

GKN Automotive कर्मचारियों के रूप में, हम अपने कारोबार के संसाधनों एवं परिसंपत्तियों के संरक्षक हैं। इसमें धन, इन्वेंट्री, उपकरण एवं टूलिंग जैसी चीजें शामिल हैं, लेकिन सूचनाएं, डेटा, प्रौद्योगिकी तथा बौद्धिक संपदा भी शामिल हैं।

हम प्रतिदिन इन संसाधनों का उपयोग करते हैं, लेकिन वे हमारे नहीं हैं। वे GKN Automotive के हैं। इसलिए हमें उनकी देखभाल करनी चाहिए तथा उनका सही इस्तेमाल करना चाहिए।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए केवल GKN Automotive संसाधनों एवं परिसंपत्तियों का उपयोग करें
- अपने व्यक्तिगत लाभ अथवा किसी दूसरे गैर-व्यावसायिक उद्देश्य के लिए उनका दुरुपयोग न करें
- उन्हें सुरक्षित एवं संरक्षित रखें तथा उनकी उसी तरह से देखभाल करें जैसे कि वे आपके अपने हैं







# सुरक्षा

हमारे लोगों तथा हमारे कारोबार की सुरक्षा के लिए प्रभावी एवं विश्वसनीय सुरक्षा जरूरी है। हमारे ग्राहक तथा आपूर्तिकर्ता हम पर भरोसा करते हैं कि हम उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगे तथा उनके साथ अत्यंत सावधानी से पेश आएंगे।

हम अपने लोगों, व्यावसायिक संपत्तियों तथा सूचनाओं को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन साइबर सुरक्षा सम्बंधी हमले एवं सुरक्षा सम्बंधी दूसरे खतरे लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

भौतिक सुरक्षा उल्लंघन हमारे लोगों एवं संपत्तियों को जोखिम में डाल सकते हैं। सूचना सुरक्षा उल्लंघनों के परिणामस्वरूप हमारी IT एवं विनिर्माण प्रणालियों में व्यवधान उत्पन्न; चोरी, धोखाधड़ी अथवा फिरौती से वित्तीय नुकसान; हमारे ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं के प्रति हमारे दायित्वों का उल्लंघन; तथा प्रतिष्ठा की क्षति हो सकती है। इसका यह अर्थ है कि हमारे कारोबार की सुरक्षा हमारे दैनिक कार्य का एक अभिन्न अंग होना चाहिए। GKN Automotive के प्रत्येक कर्मचारी को हम सभी को सुरक्षा खतरों तथा जोखिमों से बचाने के लिए अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- हमारी सुरक्षा नीतियों तथा संबंधित प्रक्रियाओं का पालन करें
- आपके द्वारा बनाई गई सभी सूचना संपत्तियों को वर्गीकृत एवं श्रेणीबद्ध करें तथा फिर उन वर्गीकरणों के अनुसार उन्हें संभालें
- अनुरोध किए जाने पर सभी सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करें
- किन्हीं भी सुरक्षा सरोकारों अथवा मुद्दों की तुरंत सूचना दें। यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो भी रिपोर्ट करना बेहतर है

**हमारे कर्मचारियों का स्वास्थ्य एवं उनकी सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है।**



02

# हम कानूनी तथा नैतिकतापूर्ण ढंग से आचरण करते हैं

# हमारे कानूनी दायित्व

हमारा कारोबार वैश्विक होने से, हम उन हजारों कानूनों तथा विनियमों के अधीन हैं जो उन देशों में लागू होते हैं जहां हम आधारित हैं अथवा प्रचालन करते हैं। GKN Automotive की यह नीति है कि हम हमेशा उन कानूनों एवं विनियमों का पालन करें जिनके हम अधीन हैं।

हमारे कारोबार को प्रभावित करने वाले अनेक कानूनों पर इस संहिता के अन्य भागों में विचार किया गया है, लेकिन हम यहां हर कानून की व्याख्या नहीं कर सकते। हम आपसे कानूनी विशेषज्ञ होने की अपेक्षा नहीं करते, फिर भी हम आपसे यह अपेक्षा करते हैं कि आप हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए सावधान रहें कि आप कानून का पालन करते/ती हों तथा यदि आप कभी भी अनिश्चित हों तो हमारे कानूनी कार्यतंत्र से सहायता लें।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- आपके देश में अथवा आपकी भूमिका पर लागू होने वाले कानूनों की मूल बातों से खुद को परिचित कराएं
- जब भी आपसे अनुरोध किया जाए तो सभी कानूनी एवं अनुपालन प्रशिक्षण लें
- अगर कुछ ऐसा लगे कि हो सकता है वह गैरकानूनी हो, तो रुकें तथा विचार करें
- यदि आपको कभी भी संदेह हो, तो हमारे कानूनी कार्यतंत्र से सलाह लें





# रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार

रिश्वतखोरी अवैध है, तथा भ्रष्टाचार कारोबारों, लोगों एवं समाजों के लिए हानिकारक है। हमारे व्यापार तथा हमारी आपूर्ति श्रृंखला में रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है।

रिश्वत-रोधी कानून सख्त हैं, तथा ये हमारी जानकारी के बिना भी, हमारी ओर से दूसरों द्वारा दी गई रिश्वत के लिए भी हमें उत्तरदायी बना सकते हैं। हमारी रिश्वत-रोधी नीतियां तथा प्रक्रियाएं हमारी सुरक्षा के लिए बनाई गई हैं तथा इनका हमेशा पालन किया जाना चाहिए।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- किसी को भी रिश्वत की पेशकश अथवा भुगतान न करें - जिसमें 'सुविधा भुगतान' भी शामिल है
- रिश्वत अथवा ऐसा कुछ भी स्वीकार न करें जो रिश्वत की तरह लगे
- दिए गए अथवा प्राप्त किए गए सभी उपहारों तथा आतिथ्य भेंट की घोषणा हमारी Gifts and Hospitality Policy (उपहार एवं आतिथ्य सत्कार नीति) के अनुसार करें
- राजनीतिक दान न करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अन्य दान हमारी Donations and Sponsorship Policy (दान एवं प्रायोजकता नीति) का अनुपालन करते हों
- हमारी Sales Agents and Consultants Policy (बिक्री एजेंटों एवं परामर्शदाता नीति) का पालन करें
- अपने विधिवत अधिकृत कार्यकारी (Duly Authorised Executive) अथवा कानूनी कार्यतंत्र (Legal Function) को किसी भी ज्ञात या संदिग्ध रिश्वत की सूचना दें

# निष्पक्षतापूर्वक प्रतिस्पर्धा करना

प्रतिस्पर्धा एवं एकाधिकार व्यापार-रोधी कानून उन सभी देशों में लागू होते हैं जिनमें हम काम करते हैं। हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, लेकिन निष्पक्ष रूप से तथा कानूनी प्रतिबंधों के भीतर।

हमारे उद्योग में अवैध प्रतिस्पर्धा-रोधी आचरण एक बड़ी समस्या रही है तथा कई अन्य कंपनियों पर नियमों के उल्लंघन के लिए मुकदमा चलाया गया है। हमें कभी भी उनमें से एक नहीं बनना चाहिए।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- प्रतिस्पर्धियों से बातचीत करते समय अत्यंत सावधानी बरतें
- प्रतिस्पर्धी रूप से संवेदनशील सूचनाएं कभी भी किसी प्रतियोगी से साझा न करें
- कीमतों को तय करने, ग्राहकों, क्षेत्रों अथवा बाजारों को आवंटित करने, निविदाओं या धांधली वाली बोलियों पर मिलीभगत करने, अथवा अन्यथा किसी भी तरह से प्रतिस्पर्धा न करने के लिए कभी भी किसी प्रतियोगी से सहमत न हों अथवा कोई समझौता न करें।
- अनुरोध किए जाने पर इस विषय सम्बंधी सभी प्रशिक्षण पूरा करें
- हमारी Competition and Antitrust Law Policy (प्रतिस्पर्धा एवं एकाधिकार व्यापार-रोधी नीति) का पालन करें
- यदि आप जो कर रहे/ही हैं उसके बारे में आपको कोई संदेह है, तो कानूनी कार्यतंत्र से सलाह लें

# व्यावसायिक अनुपालन


हमारा कारोबार वैश्विक हैं। हमारे लोग, उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी सीमा पार करते हैं तथा हम अनेक देशों तथा क्षेत्रों में व्यावसायिक भागीदारों से बातचीत करते हैं। इसके साथ वैश्विक व्यापार प्रतिबंधों का पालन करने की अपेक्षाएं भी आती हैं, जिसमें कुछ देशों, कंपनियों तथा व्यक्तियों के साथ व्यापार को रोकने वाले प्रतिबंध भी शामिल हैं।

हमें सीमा शुल्क तथा दूसरी आयात एवं निर्यात संबंधी औपचारिकताओं का भी पालन करना चाहिए, तथा हो सकता है हम पर प्रौद्योगिकी से संबंधित व्यापार नियंत्रण भी लागू हों।

अंत में, हमें अपने संभावित व्यावसायिक भागीदारों को समझने की जरूरत है। इसमें यह सुनिश्चित करने के लिए जांच करना शामिल है कि वे प्रतिष्ठित हों तथा हम उनसे संव्यवहार करने के लिए सुरक्षित हों।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- उच्च जोखिम वाले देशों में प्रतिपक्षकारों से संव्यवहार करने से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने सहित, अथवा जब किसी सैन्य या सुरक्षा प्रयोज्यता में उत्पादों का प्रयोग किया जाना हो, तो हमारी Trade Compliance Policy (व्यापार अनुपालन नीति) का पालन करें।
- किसी नए ग्राहक, आपूर्तिकर्ता अथवा दूसरे व्यावसायिक भागीदार से संव्यवहार करते समय हमारे Customer, Supplier and Other Counterparty Due Diligence Procedures (ग्राहक, आपूर्तिकर्ता एवं अन्य प्रतिपक्ष समुचित उद्यम प्रक्रियाओं) का पालन करें
- यह सुनिश्चित करें कि सभी सीमा शुल्क फॉर्म तथा घोषणाएं सही एवं समयबद्ध तरीके से पूरी तथा दायर की गई हों





# व्यक्तिगत डेटा एवं निजता

हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों तथा आपूर्तिकर्ताओं सहित हजारों लोगों से संबंधित व्यक्तिगत डेटा एकत्र, भंडारण तथा प्रयोग करते हैं। उस व्यक्तिगत डेटा को रखने तथा संसाधित करने के साथ सख्त कानूनी जिम्मेदारियां आती हैं।

हमें उस डेटा का प्रयोग, भंडारण तथा निपटान सावधानी से करना चाहिए, जिससे व्यक्तिगत निजता का सम्मान बना रहे, तथा उन सभी देशों में संगत कानूनों का अनुपालन हो जिनमें हम काम करते हैं।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- केवल वैध एवं व्यापारिक प्रयोजनों के लिए निजी जानकारी का संग्रहण, प्रयोग और रखरखाव करें।
- हमारी Data Protection Policy (डेटा सुरक्षा नीति) का पालन करें जिसमें यह बताया गया है कि आप उस डेटा का प्रयोग, प्रक्रिया तथा निपटान कैसे करें
- जरूरत पड़ने पर डेटा सुरक्षा एवं निजता संबंधी सभी प्रशिक्षण पूरा करें
- अनिश्चित होने पर अपने स्थानीय डेटा सुरक्षा समन्वयक (Data Protection Coordinator) या कानूनी कार्यतंत्र से सलाह लें





# नीतिपरक आचरण

कानून तथा विनियम न्यूनतम मानकों को निर्धारित करते हैं जिन्हें हमें किसी कारोबार तथा व्यक्तियों दोनों के रूप में पूरा करना चाहिए।

लेकिन कानूनों का पालन करना ही काफी नहीं है। कानूनी रूप से अनुपालक होने की तुलना में सैद्धान्तिक होने में और भी बहुत कुछ है। हम अपेक्षा करते हैं कि आप इससे और आगे बढ़कर हमेशा उच्चतम नैतिक मानकों के साथ आचरण करेंगे/गी तथा आप इस तरह से व्यवहार करेंगे/गी जिससे GKN Automotive के मूल्य प्रदर्शित हों।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- ईमानदार व पारदर्शी होना
- पेशेवर रूप से व्यवहार करना
- सत्यनिष्ठा से काम करना
- भरोसेमंद होना तथा अपने वादों एवं प्रतिबद्धताओं को निभाना
- जब आप गलतियां करें, तो स्पष्ट कहना तथा उन्हें छिपाना नहीं
- भावना के साथ-साथ Our Code (हमारी संहिता) के अर्थ का सम्मान करना

# हित के टकराव

हितों का टकराव तब उत्पन्न हो सकता है जब हमारे व्यक्तिगत संबंध अथवा वित्तीय हित (अथवा हमारे परिवार या दोस्तों के) GKN Automotive में हमारी भूमिका संबंधी उत्तरदायित्वों के साथ ओवरलैप हो जाते हैं।

हितों के टकराव से हमारे निर्णय प्रभावित हो सकते हैं, विश्वास खत्म हो सकता है तथा हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँच सकता है। संघर्ष की उत्पत्ति भी हानिकारक हो सकती है। संभावित हितों के टकराव में किसी ऐसे आपूर्तिकर्ता को नियुक्त करना अथवा काम के लिए रेफर करना शामिल हो सकता है जिसमें आपकी व्यक्तिगत रुचि हो; परिवार के किसी सदस्य अथवा किसी ऐसे व्यक्ति को काम पर रखना जिसके साथ आपके घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध हों; अथवा GKN Automotive के किसी ग्राहक अथवा प्रतिस्पर्धी में आपका कोई भौतिक हित हो।

**इसलिए आप हमेशा:**

- उन स्थितियों से बचने की कोशिश करें जो आपके तथा GKN Automotive के हितों के बीच टकराव पैदा कर सकती हैं
- जहां कोई वास्तविक अथवा संभावित टकराव उत्पन्न हो, उसकी घोषणा करें तथा हमारी हितों के Conflicts of Interest Policy (टकराव संबंधी नीति) के अनुसार अनुमोदन प्राप्त करें
- शेयरों अथवा प्रतिभूतियों में लेनदेन से संबंधित कानूनों का पालन करें, तथा कभी भी गैर-सार्वजनिक मूल्य संवेदनशील सूचना के आधार पर अथवा हमारी Securities Dealing Policy (प्रतिभूति लेनदेन नीति) के उल्लंघन में सौदा न करें।
- जब आप कुछ गलत देखें तो आवाज उठाएं

## यदि मैं आश्वस्त नहीं हूँ कि क्या करना चाहिए, तो क्या करूं?

कानून जटिल हैं तथा जो नैतिक है उसके बारे में निर्णय करना कभी-कभी कठिन हो सकता है।

आप जो कर रहे/ही हैं, यदि उसके बारे में आपको कभी भी कोई संदेह हो, तो रुकें तथा विचार करें। अपने आप से पूछें, क्या यह सही लगता है? क्या यह Our Code (हमारी संहिता) से मेल खाता है?

यदि नहीं, तो अपने प्रबंधक, किसी दूसरे वरिष्ठ लीडर, अथवा कानूनी कार्यतंत्र से सहायता लें। अगर संदेह हो, तो हमेशा पूछें।





हमें कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, लेकिन निष्पक्ष रूप से तथा कानूनी प्रतिबंधों के भीतर।



03

# हम अपने समुदायों तथा हमारी दुनिया की देखभाल करें

# अपने पर्यावरण की सुरक्षा करना

हमारा उद्देश्य अधिक स्वच्छ, अधिक संपोषणीय दुनिया बनाना है। इसका मतलब न केवल पर्यावरण सम्बंधी कानूनों का पालन करना है, बल्कि लगातार अपने पर्यावरणीय निष्पादन को बेहतर बनाने के तरीकों को तलाशना है, हम अपने उत्पादन सुविधाकेंद्रों तथा कार्यालयों को कैसे संचालित करते/ती हैं तथा जिस तरह से हम अपने उत्पादों को डिजाइन एवं निर्मित करते/ती हैं, दोनों में। हम ऊर्जा, पानी तथा अपशिष्ट को कम करने और अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कृपया हमारी लक्ष्य-प्राप्ति में हमारा साथ दें।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- अपने कार्यस्थल पर सभी ThinkGREEN! तथा अन्य पर्यावरणीय पहलों का सक्रिय रूप से समर्थन करें
- अपने पद तथा स्थान की पर्यावरण-संबंधी ज़रूरतों को समझें
- जरूरत पड़ने पर HSE टीम से सहायता लें
- हमेशा हमारी पर्यावरण नीतियों और प्रक्रियाओं (Environmental Policies and Procedures) के अनुसार काम करें
- जब आप कुछ गलत देखें तो आवाज उठाएं




# उत्पाद की सुरक्षा तथा गुणवत्ता

ऑटोमोटिव उद्योग में उत्पाद सुरक्षा अत्यंत जरूरी है। प्रतिदिन, लाखों लोग उन्हें सुरक्षित रखने के लिए GKN Automotive तकनीक एवं उत्पादों पर भरोसा करते हैं।

जहां हम व्यापार करते हैं वहां हमें उत्पाद सुरक्षा कानूनों, हमारे ग्राहकों की सुरक्षा अपेक्षाओं, उद्योग सुरक्षा अपेक्षाओं तथा GKN Automotive उत्पाद सुरक्षा नीति (GKN Automotive Product Safety Policy) का पालन करना चाहिए। हम उन उत्पादों को वितरित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं जो न केवल हमारे ग्राहकों की गुणवत्ता अपेक्षाओं को पूरा करते हों, बल्कि जिनके विषय में हम जानते हैं कि वे सुरक्षित हैं।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- हमारी Product Safety Policy (उत्पाद सुरक्षा नीति) तथा अन्य प्रक्रियाओं का पालन करें
- सर्व-कर्मचारी उत्पाद सुरक्षा प्रशिक्षण तथा अन्य कार्य विशेष उत्पाद सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करें
- यह समझें कि आप जिस तरीके से कार्यस्थल पर आचरण करते/ती हैं, उसका हमारे उत्पादों की सुरक्षा में योगदान होता है
- अपने उत्पाद सुरक्षा प्रतिनिधि (गुणवत्ता प्रबंधक अथवा मुख्य अभियंता) को संभावित उत्पाद सुरक्षा एवं अखंडता (PPSI) सरोकारों की रिपोर्ट करें।
- जब आप कुछ गलत देखें तो आवाज उठाएं







# समुदायों की सहायता करना

हम जिन समुदायों में प्रचालन करते हैं उनके लिए सार्थक योगदान करने के लिए कृतसंकल्प हैं। ऐसे अनेक तरीके हैं जिनसे हम यह करते हैं।

हम बेहतर व्यावसायिक प्रथा को बढ़ावा देते हैं, रोजगार के अवसर पैदा करते हैं तथा उन समुदायों एवं समाजों के सरोकारों के प्रति संवेदनशील होते हैं जिनके साथ हम संवाद करते हैं।

हम परोपकारी संस्थाओं और सामुदायिक संगठनों का समर्थन करते हैं, और कर्मचारियों को स्वयंसेवा करने और कोष इकट्ठा करने के लिए अवसर प्रदान करते हैं।

**आप इसमें इस तरह सहायता कर सकते हैं:**

- हमारे स्थानीय समुदायों में परियोजनाओं और गतिविधियों की सहायता करके और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करके।
- हम कैसे मदद कर सकते हैं, इस सम्बंधी मत प्रकट करके
- हम जिन समुदायों में प्रचालन करते हैं उन पर पड़ने वाले किसी भी नकारात्मक प्रभाव को कम करने की कोशिश कर करके
- धर्मार्थ एवं अपने समुदाय की सहायता करने के लिए GKN Automotive के बाहर आप जो अच्छे काम करते/ती हैं, उसके बारे में बता कर


# मानवाधिकार तथा आधुनिक गुलामी

हम अपने प्रचालन, अपनी मूल्य श्रृंखला तथा उन समुदायों में मौलिक मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनमें हम प्रचालन करते हैं।

हम मानवाधिकारों के दुरुपयोग में सहापराध से बचने तथा मानवाधिकारों की पूर्ति को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रभाव का प्रयोग करने का प्रयास करते हैं। इसमें सभी रूपों में आधुनिक दासत्व का मुकाबला करने की हमारी प्रतिबद्धता एवं यह सुनिश्चित करना शामिल है कि GKN Automotive तथा हमारे आपूर्तिकर्ता एवं व्यावसायिक भागीदार किसी भी बाल श्रम अथवा किसी भी प्रकार के जबरन, बंधुआ या अनैच्छिक श्रम का प्रयोग न करें या ऐसा प्रयोग सहन ना करें।

**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- हमारी Human Rights and Anti-Modern Slavery Policy (मानवाधिकारों एवं आधुनिक दासत्व रोधी नीति) का पालन करें
- यदि आप देखें कि किसी से इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, जो किसी भी प्रकार के आधुनिक दासत्व को दर्शाता हो, तो आवाज उठाएं, ताकि हम इसकी आगे जांच कर सकें।
- यह सुनिश्चित करें कि आधुनिक दासत्व से लड़ने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे व्यावसायिक भागीदारों को स्पष्ट रूप से संप्रेषित की गई हो, जिसमें हमारी Supplier Code of Conduct (आपूर्तिकर्ता आचार संहिता) भी शामिल है
- हमारे Customer, Supplier and Other Counterparty Due Diligence Procedures (ग्राहक, आपूर्तिकर्ता तथा अन्य प्रतिपक्ष समुचित उद्यम प्रक्रियाओं) का पालन करें तथा सरोकार वाली किसी भी पार्टी से संव्यवहार करने से इनकार करें
- अनुरोध किया गया सभी प्रशिक्षण लें



# ग्राहक तथा आपूर्तिकर्ता संबंध

हमारे ग्राहक एवं आपूर्तिकर्ता हमारे कारोबार के लिए अत्यंत जरूरी हैं और हम उनसे मजबूत, प्रतिबद्ध तथा मूल्य-वर्धक संबंध बनाने में विश्वास करते हैं।

यद्यपि हम हमेशा हर बात पर सहमत नहीं होंगे, हम अपने ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं से सम्मानपूर्वक, निष्पक्ष तथा सत्यनिष्ठा से आचरण करने में विश्वास करते हैं। हम यह भी अपेक्षा करते हैं कि हमारे ग्राहक एवं आपूर्तिकर्ता कारोबार आचरण के उन्हीं मानकों का प्रदर्शन करें जो हम करते हैं।

**इसका मतलब है कि हम सभी:**

- इस तरह से व्यवहार करें जो विश्वास पर आधारित तथा दीर्घकाल तक चलने वाले संबंधों के निर्माण को प्रोत्साहित करे
- हमारे ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं से उसी सम्मान और शिष्टाचार से व्यवहार करें जिसकी हम खुद अपेक्षा करते हैं
- आप खुद को हमारे ग्राहकों की नज़र से देखें
- हमारे हितों को पर्याप्त रूप से सुरक्षित रखते हुए यह सुनिश्चित करें कि हमारे ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारे समझौतों की शर्तें स्पष्ट हों
- हमारे आपूर्तिकर्ताओं के निष्पादन की नियमित रूप से निगरानी करें तथा यह सुनिश्चित करें कि वे हमारे मानकों के अनुसार कार्य कर रहे हों, जिसमें हमारी Supplier Code of Conduct (आपूर्तिकर्ता आचार संहिता) भी शामिल है



# संप्रेषण

हमारे कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, निवेशकों, मीडिया, जनता तथा जिन समुदायों में हम प्रचालन करते हैं, उनमें विश्वास उत्पन्न करने के लिए स्पष्ट, खुला और ईमानदार संचार आवश्यक है।

सभी GKN Automotive संचार स्पष्ट, सटीक तथा इस तरह से संप्रेषित होने चाहिए जो हमारे मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं और हमारी प्रतिष्ठा को बनाए रखते हैं।



**आपके लिए इसका क्या मतलब है:**

- हमारी संचार नीति का पालन करें
- हमेशा ऐसे तरीके से काम करें जो हमारे मूल्यों को दर्शाता हो और हमारी प्रतिष्ठा और ब्रांड की रक्षा करता हो या उसे बढ़ाता हो।
- जब तक हमारी संचार टीम द्वारा अनुमोदित न किया गया हो, तब तक GKN Automotive की ओर से कोई सार्वजनिक टिप्पणी अथवा बयान न दें, और उन स्थितियों से बचें जहां आपकी व्यक्तिगत टिप्पणियों की व्याख्या GKN Automotive द्वारा की गई टिप्पणी या समर्थन के रूप में की जा सके।
- संचार करते समय, यह सुनिश्चित करें कि आप स्पष्ट, तथ्यात्मक रूप से सही हों तथा गलत व्याख्या न की जा सके
- हमेशा मान कर चलें कि लिखित संचार किसी भी दिन सार्वजनिक हो सकता है, इसलिए शब्दों का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें
- सार्वजनिक रूप से कुछ ऐसा न कहें जिसे आप नहीं चाहेंगे/गी कि दोहराया जाए
- सोशल मीडिया का सावधानी से तथा हमारी Social

AUTOMOTIVE

# आगे पढ़ने के लिए

Anti-Bribery and Corruption Policy
(रिश्वतखोरी-रोधी भ्रष्टाचार-रोधी नीति)

Gifts and Hospitality Policy
(उपहार एवं मेजबानी नीति)

Donations and Sponsorship Policy
(दान एवं प्रायोजकता नीति)

Sales Agents and Consultants Policy
(सेल्स एजेंट एवं परामर्शदाता नीति)

Competition and Antitrust Law Policy
(प्रतिस्पर्धा एवं एकाधिकार व्यापार-रोधी नीति)

Trade Compliance Policy (व्यापार अनुपालन नीति)

Customer Due Diligence Procedure
(ग्राहक समुचित उद्यम प्रक्रिया)

Supplier Due Diligence Procedure
(आपूर्तिकर्ता समुचित उद्यम प्रक्रिया)

Other Counterparty Due Diligence Procedure
(अन्य प्रतिपक्ष समुचित उद्यम प्रक्रिया)

Data Protection Policy (डेटा संरक्षण नीति)

Conflict of Interest Policy
(हित के टकरावों से संबंधित नीति)

Securities Dealing Policy (प्रतिभूति संव्यवहार नीति)

पर्यावरण सम्बंधी नीतियां, चाहे वैश्विक स्तर पर
अथवा विशेषकर आपके कार्यस्थल के लिए लागू हों

गुणवत्ता प्रक्रियाएं, चाहे वैश्विक स्तर पर
अथवा विशेषकर आपके कार्यस्थल के लिए लागू हों

Product Safety Policy and Procedure
(उत्पाद सुरक्षा नीति एवं प्रक्रिया)

Human Rights and Anti-Modern Slavery Policy
(मानवाधिकार तथा आधुनिक दासत्व-रोधी नीति)

Document Retention Policy
(दस्तावेज़ प्रतिधारण नीति)

Social Media Policy (सोशल मीडिया नीति)

Communication Policy (Hindi translation)

Classification: Public (वर्गीकरण: सार्वजनिक)
पिछले अपडेट की तारीख: जनवरी 2022